एक नजर में

## जाटव अहिरवार समाज के 51 जोड़ों का विवाह



इंदौर. प्रज्ञाशील जाटव अहिरवार समाज कल्याण समिति की ओर से 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया, विवाह समारोह में भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जब कन्या पक्ष के परिजनों ने अपनी बेटियों का हाथ दूल्हों के हाथ में सौंपते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की. उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों ने सभी 51 जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं. कार्यक्रम में संरक्षक प्रमोद धुलधोए, संयोजक राजेश माटोलिया, सोनू गोरखिया, अध्यक्ष अमरसिंह माथोलिया मौजूद थे.

## कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



इंदौर. रविवार को नेहरु स्टेडियम में आयोजित जिला फुनाकोशी ओपन कराटे चैंपियनशिप में सत्य साई विद्या विहार स्कूल के कक्षा 7 'ई' के छात्र जयवीर जेठवा ने 12 वर्ष तक के आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीता. वहीं, एकायना स्कूल के कक्षा 5 के छात्र धैर्य सोलंकी ने 9 वर्ष तक के आयु वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया. यह सफलता सुश्री दिलजीत कौर और सूर्यांश सर के निर्देशन में संभव हो सकी. साथ ही, इस उपलब्धि के लिए सेंसई अशोक सेन सर और सेम्पाई का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन भी सराहनीय रहा. स्कूल एवं परिवारजनों ने इन दोनों खिलाड़ियों की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

## अग्रवाल अध्यक्ष, गर्ग सचिव बने



इंदौर. अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल परिषद की वार्षिक साधारण सभा में परिषद के संचालक मंडल के वर्ष 2026-27 के चुनाव सर्वानुमति से सम्पन्न हुए जिसमें राजेंद्र अग्रवाल स्टेशनरी अध्यक्ष एवं आशीष गर्ग स्टूडियो सचिव निर्वाचित घोषित किए गए. चुनाव अधिकारी गोपाल बंसल के निर्देशन में नए संचालक मंडल की निर्वाचन प्रक्रिया एमजी रोड स्थित एक होटल में परिषद की वार्षिक साधारण सभा के दौरान संपन्न हुई, जिसमें सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्र प्रस्तुत होने से सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए. अन्य पदाधिकारियों में राजेंद्र गोयल समाधान उपाध्यक्ष एवं निशा आलोक बंसल महिला उपाध्यक्ष, सुरेश गुप्ता कोषाध्यक्ष एवं रुपेश गर्ग सह सचिव निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी में पुरुष वर्ग से प्रतीक गोयल, आशीष अग्रवाल, राजेश सिंघल, अतुल गोयल, रत्नेश गोयल, आशीष गोयल, ओमप्रकाश अग्रवाल जिंसी एवं अमित गोयल तथा महिला कार्यकारिणी में सपना रितेश बंसल, शिखा आशय गर्ग, शीतल नितीश सिंघल एवं विजया विवेक बंसल मनोनीत किए गए.

## नर्मदा जल मिलने पर रहवासियों ने किया पूजन



इन्दौर. शहर के तेजी से विकसित होते निपानिया क्षेत्र स्थित बीसीएम प्लेनेट सोसाइटी के रहवासियों के लिए आज का दिन उत्सव जैसा रहा। लंबे समय के इंतजार और प्रयासों के बाद आज सोसाइटी में नर्मदा लाइन से जलप्रदाय विधिवत प्रारंभ हो गया। जैसे ही नलों में नर्मदा का जल पहुँचा, रहवासियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और पूरे परिसर में हर्षोल्लास का माहौल छा गया। नर्मदा लाइन शुरू होने के ऐतिहासिक अवसर पर समस्त रहवासियों ने एकत्रित होकर माँ नर्मदा की विशेष पूजा-अर्चना की। महिलाओं और बुजुर्गों ने कलश पूजन कर जल का स्वागत किया. सोसाइटी के एसएन सोनी, रोमा अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए सभी रहवासी लंबे समय से प्रयासरत थे. नर्मदा जल मिलने से अब टैंकरों पर निर्भरता खत्म होगी और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा. इस दौरान सोसाइटी के सदस्यों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और नगर निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया. रहवासियों का कहना है कि नर्मदा जल का आना उनके लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है, क्योंकि इसके लिए पूरी सोसाइटी ने एकजुट होकर प्रयास किए थे.

## काव्य संग्रह एकांत का शोर का विमोचन



इंदौर. काव्य संग्रह एकांत का शोर का विमोचन किया गया. साथ ही मित्र मिलन समागम झरना 71 के पूर्व छात्र इस बार इंदौर में एकत्र हुए. इस एल्युमिनी ग्रुप ने तब के सहपाठियों को जोड़ कर रखा हुआ है. झरना71 ने अपने सहपाठी अजय साकल्ले के काव्य संग्रह को न केवल प्रकाशित किया है वरन यहाँ इंदौर में विमोचन हेतु सभी उपस्थित हुए है. हिंदी के वरिष्ठ कवि अजय साकल्ले के काव्य संग्रह एकांत का शोर का विमोचन स्थानीय होटल में सम्पन्न हुआ. काव्य सँग्रह का विमोचन झरना71 के मित्र जे के जैन, सेवा निवृत्त हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में, झरना मित्र संतोष चौबे कुलाधिपति सी वी रमन विश्व विद्यालय भोपाल के मुख्य आतिथ्य एवं शिक्षाविद एम आर मंडलोई द्वारा किया गया. स्वागत भाषण प्रदीप अग्रवाल द्वारा दिया गया. काव्य संग्रह की समीक्षा हर्षवर्धन व्यास द्वारा की गई. मुख्य अतिथि संतोष चौबे द्वारा अपने उद्बोधन में कवि की कुछ रचनाओं का पाठ किया गया. रायपुर से दिनेन्द्र सहगल, भोपाल से नरेंद्र दुबे, जलगांव से प्रदीप अग्रवाल, अयोध्या से रविन्द्र यादव, इंदौर के डॉ बी एस चौहान, सी/ए कमलबीर सिंह अजमानी, गिरीश जैन, प्रदीप रुनवाल सेवा निवृत्त डी आई जी एवं अतुल साकल्ले परिवार सहित उपस्थित रहे. संचालन राजीव शाह द्वारा किया गया. कवि अजय साकल्ले का आत्मकथ्य वाचन संदीप अत्रे द्वारा किया गया. आभार प्रदर्शन प्रदीप अग्रवाल द्वारा किया गया.

# कचरा प्लांट के पास लापरवाही, भूजल प्रदूषण की आशंका गहराई

- पुरानी बोरिंग बनी खतरा, सीवरेज का गंदा पानी पहुंच रहा भूजल तक



नवभारत न्यूज़

इंदौर. संगम नगर रोड क्षेत्र में एक गंभीर लापरवाही सामने आई है, जो भविष्य में भूजल प्रदूषण का बड़ा कारण बन सकती है. यहां एक पुराने बोरिंग के पास सीवरेज लाइन का गंदा काला पानी लगातार जमा हो रहा है और बोरिंग पाइप के माध्यम से सीधे जमीन में जा रहा है. पहले इस बोरिंग का उपयोग नगर निगम द्वारा किया जाता था, लेकिन सड़क निर्माण के दौरान इसे आंशिक रूप से हटा दिया गया. इसके बाद यहां से सीवरेज लाइन डाल दी गई, जिसके कारण पास में बने गड्ढे में गंदा पानी इकट्ठा होने लगा.

अब यही दूषित पानी बोरिंग के जरिए जमीन में समाहित हो रहा है, जो आने वाले समय में भूजल को प्रदूषित कर सकता है. स्थिति को और गंभीर बनाता है. इस गड्ढे के आसपास किसी प्रकार का सुरक्षा घेरा नहीं लगाया गया है, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है. कुछ दिन पहले यहां एक हादसा भी हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. चौंकाने वाली बात यह है कि यह स्थान कचरा प्लांट से लगी हुई है, जहां अधिकारियों का नियमित आना-जाना रहता है, फिर भी समस्या अनदेखी बनी हुई है. साथ ही, ठेकेदार द्वारा भी कार्य में लापरवाही बरती जा रही है और काम की गति बेहद धीमी है.



## जिलाबदर बदमाश चाकू सहित गिरफ्तार

- आरोपी जिला बदर के आदेश का उल्लंघन कर घूम रहा था आरोपी, 21 से अधिक मामले दर्ज

नवभारत न्यूज

**इंदौर. सदर बाजार पुलिस ने जिला बदर बदमाश जुनैद अली को चाकू सहित गिरफ्तार किया है. आरोपी शहर से छह माह के लिए निष्कासित था, इसके बावजूद वह इंदौर में घूमकर आपराधिक गतिविधियां कर रहा था.**

थाना प्रभारी पी.एल. शर्मा ने बताया कि जुनैद अली (27) निवासी रजा अपार्टमेंट, बड़वाली चौकी को पहले ही छह माह के लिए जिला बदर किया गया था. इसके बावजूद आरोपी लगातार शहर में सक्रिय था और अवैध गतिविधियों से क्षेत्र में भय का माहौल बना रहा था. 20 अप्रैल को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से चाकू बरामद हुआ. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट व जिला बदर उल्लंघन की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पर शहर के विभिन्न थानों में मारपीट, चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, नकबजनी, एनडीपीएस व आबकारी एक्ट सहित 21 से अधिक मामले दर्ज हैं.

## लोगों को दी फायर ब्रिगेड के आधुनिक उपकरणों की जानकारी

- राजबाड़ा पर अग्नि सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन

**इंदौर. राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह 14से 20 अप्रैल तक मनाया गया जिसमें अग्नि से सुरक्षा संबंधित बाते फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों द्वारा बताया गया और कैसे इन उपकरणों का उपयोग किया जाता है. वहीं आधुनिक संसाधनों से फायर ब्रिगेड जनता के जान माल की रक्षा करते हैं**

सोमवार को फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों द्वारा राजवाड़े पर अग्नि सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल की गई जिसमें जनता को फायर ब्रिगेड के नए-नए आधुनिक उपकरणों की जानकारी भी दी गई और आग लगने पर कैसे सुरक्षित रहा जाए इसकी जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई. अग्नि सुरक्षा के संसाधनों में इंदौर में अग्निशमन रोबोट का भी डेमो किया गया जहां पर आग की अधिकता हो जहां व्यक्ति का खड़े होना दुभर हो वहां पर यह रोबोट आग बुझाने के काम में लाया जाएगा. इस रोबोट को तीन अलग-अलग तरह से रिमोट से मैन्युअल से ऑपरेट किया जा सकता है. अभी यह रोबोट फायर ब्रिगेड के पास तो नहीं आया लेकिन डेमो के बाद फायर ब्रिगेड में इसके शामिल होने की संभावना है.



### डेकोरेशन की लाइट टूटी

मॉक ड्रिल के दौरान अहिल्या माता के ठीक पीछे लगी डेकोरेशन की लाइट टूट गई. वही फायर कर्मचारी द्वारा जिस नोजल से पानी फेंका जाता है अचानक फायर कर्मियों के हाथ से छूटने से बड़ी दुर्घटना होने से बच गई. मॉक ड्रिल के दौरान राजवाड़ा पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हुए और मॉक ड्रिल देखी और आग से सुरक्षा के संसाधनों को देखा.

## सही जीवनशैली, समय पर जांच से स्वस्थ रहता है लिवर

- विश्व लिवर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



इंदौर. वर्तमान समय में अनियमित खानपान, मोटापा, शराब का सेवन, वायरल संक्रमण, मधुमेह और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण फैटी लिवर, सिरोसिस, हेपेटाइटिस और लिवर फेलियर जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं. सही जीवनशैली, समय पर जांच और आधुनिक उपचार से लिवर की सेहत बचाई जा सकती है.

उक्त जानकारी विश्व लिवर दिवस के अवसर पर लिवर स्वास्थ्य और जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी. कार्यक्रम आयोजन केयर सीएचएल हॉस्पिटल में किया गया. कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने लिवर से जुड़ी बीमारियों, बढ़ते जोखिम, समय पर जांच, आधुनिक उपचार पद्धतियों तथा लिवर ट्रांसप्लांट जैसी जीवनरक्षक सुविधाओं पर विस्तार से जानकारी दी.

विधायक गोलू शुक्ला ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोग स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है. कार्यक्रम में सफलतापूर्वक लिवर ट्रांसप्लांट करा चुके 17 मरीज शामिल हुए. इनका कार्यक्रम में सम्मान किया गया. नोडल अधिकारी मनीष पुरोहित, सोटो पदाधिकारी निधि शर्मा तथा मुस्कान ग्रुप के जितु बागानी और संदीपन आर्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए अंगदान एवं लिवर ट्रांसप्लांट के महत्व पर प्रकाश डाला. हॉस्पिटल के एचसीओओ मनीष गुप्ता ने कहा संस्थान का उद्देश्य केवल उपचार देना नहीं, बल्कि लोगों में समय रहते जागरूकता बढ़ाना भी है. कार्यक्रम में उपस्थित कई मरीजों और उनके परिजनों ने भी अपने अनुभव साझा किए.

### खानपान की भूमिका अहम

लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जन डॉ. सी पी कोठारी ने कहा कि यदि रोगी समय पर अस्पताल पहुंचे तो कई बड़ी सर्जरी को सफलतापूर्वक किया जा सकता है. सीनियर कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉ. नीरज जैन ने कहा कि जागरूकता, वैक्सीनेशन, सुरक्षित जीवनशैली और नियमित स्वास्थ्य जांच से कई रोगों को काफी हद तक रोका जा सकता है. सीनियर कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉ. रविंद्र काले ने कहा कि लिवर रोगों के बढ़ते मामलों में खानपान की भूमिका सबसे अहम है.



## राजपूत समाज के 75 नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे

इंदौर. मालवा की धरा पर क्षत्रिय राजपूत समाज की एकता और सेवा का एक अनूठा संगम देखने को मिला. इंदौर मालवा राजपूत विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन ने भव्यता के नए कीर्तिमान स्थापित किए. समिति के अध्यक्ष मांगूसिंह पहलवान कांकरिया बोर्डिया (हातोद) के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में न केवल 75 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, बल्कि हजारों की संख्या में समाजजनों ने साक्षी बनकर इसे यादगार बना दिया.

सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने बताया कि सुबह से ही समारोह का नजारा किसी राजसी उत्सव से कम नहीं था. शंख की ध्वनि, घंटों की गूंज, घड़ियाल और बैंड-बाजों की थाप के साथ जब वैदिक मंत्रोच्चार शुरू हुआ, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. महिलाओं द्वारा गाए गए मंगल गीतों ने पारंपरिक संस्कृति की छटा बिखेरी. आयोजकों द्वारा नवदंपतियों को गृहस्थी का संपूर्ण सामान भेंट किया गया और सभी अतिथियों के लिए %शाही भोजन% की व्यवस्था की गई. मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा,इंदौर सांसद शंकर लालवानी उपस्थित रहे. विशेष अतिथि के रूप में कृष्णा सिंह पटेल अध्यक्ष, राजपूत उत्थान समिति उज्जैन दुलेसिंह राठौर डायरेक्टर, राकेशसिंह काका ठाकुर, घनश्यामसिंह चौहान, चेतनसिंह चौहान, संजू तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

## निवेश और सेवा के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक व्यवसायी के साथ बड़ी धोखाधड़ी हुई है. आरोपी ने खुद की कंपनी में निवेश और व्यवसायिक सेवाओं के नाम पर लाखों रुपये का अनुबंध किया, लेकिन काम पूरा होने के बाद न केवल भुगतान करने से मुकर गया, बल्कि अपना ठिकाना बदलकर फरार हो गया. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है.

फरियादी परीक्षित पिता रमेश पारसे, निवासी इन्द्रपुरी कॉलोनी, ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि आरोपी समीर अग्रवाल ने उनके साथ एक अनुबंध किया था. इस अनुबंध के तहत समीर ने उनसे विभिन्न सेवाएं प्राप्त कीं. काम के बदले में उसे 8,67,300 रुपये का भुगतान करना था, लेकिन आरोपी ने यह राशि नहीं दी. परीक्षित ने जब आरोपी को उसके द्वारा दिए गए सभी पतों पर तलाशा, तो पता चला कि वह वहां से गायब है. इसी बीच उन्हें यह भी पता चला कि समीर अग्रवाल ने उनके अलावा कई अन्य लोगों को भी अपना शिकार बनाया है. आरोपी ने परीक्षित की कंपनियों में निवेश के नाम पर उनसे 6,25,000 रुपये की राशि भी ली थी, जिसे वह डकार गया और अब फरार है.

### पहले से शादीशुदा निकला पति

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है. आरोप है कि पति पहले से शादीशुदा होने के बावजूद उसने दूसरी शादी की और बाद में दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा. 24 वर्षीय प्राची जाधव निवासी ग्राम छापरा (सनावद) हाल निवासी मेघदूत नगर ने शिकायत दर्ज कराई है.



## विजयवर्गीय का तुलादान कर वजन के बराबर शिक्षण सामग्री भेंट की

**इंदौर. श्री अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर की ओर से अक्षय तृतीया पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सोमवार को राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का तुलादान कर उनके वजन के बराबर शिक्षण सामग्री का वितरण क्षेत्र के जरुरतमंद बच्चों के बीच किया गया.**

संस्था के प्रमुख सोनू अग्रवाल, अजय मित्तल, सत्यप्रकाश अग्रवाल काका ने बताया कि इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला, समाजसेवी गणेश गोयल, विजय मित्तल एवं जगदीश बाबाश्री विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे. तुलादान के पश्चात विजयवर्गीय के आतिथ्य में नंदा नगर साईं मंदिर स्थित गौशाला में गौपूजन एवं गौसेवा के अनुष्ठान में राकेश अग्रवाल, विनय गुप्ता, विनोद गोयल, विष्णु अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, अरुण गोयल, सुरेश अग्रवाल, अक्षय मित्तल, विपिन बिंदल, कमलेश सिंघल सहित मंच के अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और विजयवर्गीय का आत्मीय स्वागत किया.

एक नजर में | चिन्मय शरणम् आश्रम पर साधना और जीवन विषय पर प्रवचन

## जीवन सरल है, व्यक्ति नासमझी से उलझा लेता है : स्वामी तेजोमयानंद





**इंदौर. साधना ही जीवन है लेकिन जीवन को जीना भी एक साधना है। व्यक्ति के लिए जीवन सरल है पर वह अपनी नासमझी से उसको उलझा लेता है। जीवन में धारणा और प्रतिक्रिया अथवा प्रत्युत्तर दोनों आवश्यक हैं लेकिन प्रतिक्रिया अथवा प्रत्युत्तर कैसे देना यह भी एक साधना है। परिवर्तन का नियम सत्य है। यह अगर बुद्धि से हो तो बहुत उपयोगी सिद्ध होता है.**

यह बात चिन्मय मिशन के पूर्व विश्व प्रमुख स्वामी तेजोमयानंद ने साधना और जीवन विषय पर सोमवार को विजयनगर स्थित चिन्मय शरणम् आश्रम पर अपने प्रवचन में कही. स्वामी जी ने बताया कि भगवद्गीता के पॉच श्लोक पंचामृत की श्रेणी में आते हैं जिनमें से प्रथम तीन श्लोक का भावार्थ है कि मनुष्य को सर्वप्रथम सही-गलत की पहचान कर अपने उद्धार की जिम्मेदारी स्वयं उठाना है क्योंकि हमारे अच्छे-बुरे को कोई नहीं बॉटेगा. उद्धार के लिए स्वामी जी ने चतुर्सूत्र बताए कि आलसी मत बनो, क्रियाशील बनो, नि:स्वार्थ भाव से कर्तव्य-कर्म करो और फल की इच्छा मत रखो. कर्तव्य-कर्म करने से मन की शुद्धि होगी उसी में हमारा सुख है. कर्म वर्तमान है और हमारे हाथ में है हमें कर्म की स्वतंत्रता है, जबकि फल भविष्य है जिस पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है. बाद के दो श्लोकों में भगवान ने कहा कि तुम सिर्फ अपना काम करो तुम्हारे योगक्षेम की जिम्मेदारी मेरी है. यदि तुम मेरी शरण में आओगे तो मैं तुम्हारे सभी पापों से तुमको मुक्त कर दूँगा.

### आज दिया जाएगा राजकीय सम्मान

सत्संग के पश्चात् दोपहर में स्वामी जी ओंकारेश्वर के लिए प्रस्थान कर गए, जहॉ उनको मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 21अप्रेल को राजकीय सम्मान प्रदान किया जाएगा. स्वामी जी के साथ कोयम्बतूर मिशन से स्वामिनी विमलानंदा, अकोला से स्वामी केशवानंद, झांसी से ब्रह्मचारी राघव चैतन्य, मुंबई से मिशन ट्रस्ट की सीईओ मनीषा खेमलानी भी ओंकारेश्वर उनके सम्मान में पहुंच रहे है.